बिहार मानवाधिकार आयोग (बी0एच0आर0सी0)

9, बेली रोड, पटना

संचिका संख्या– BHRC/Comp.– 5707/4/5/2020-JCD

Suo-Motu Cognizance

विषय : नवगछिया पुलिस जिलान्तर्गत बिहपुर थाना में पुलिस अभिरक्षा में पुलिसकर्मियों द्वारा एक व्यक्ति की मृत्यु/हत्या से संबंधित मामला।

02.11.2020

कई राष्ट्रीय व स्थानीय समाचार–पत्रों में इस आशय का समाचार प्रकाशित हुआ है कि **बिहार राज्य के भागलपुर जिला (नवगछिया पुलिस जिला) के अन्तर्गत बिहपुर थाना में पुलिस अभिरक्षा में एक 30 वर्षीय व्यक्ति, आशुतोष कुमार पाठक, की मार–पीट व प्रताड़ित कर हत्या कर दी गयी है।**

उपरोक्त मामला काफी गंभीर प्रकृति का प्रतीत होता है तथा **प्रथम दृष्टया मानवाधिकार अतिक्रमण का मामला प्रतीत हो रहा है।**

आयोग द्वारा **स्वप्रेरणा से प्रसंगाधीन मामले का संज्ञान लिया जा रहा है।**

इसे पंजीकृत करें।

समाचार–पत्रों में प्रकाशित प्रसंगाधीन मामले से संबंधित समाचारों की कटिंग की छाया–प्रति संलग्न कर दिनांक 25.11.2020 के पूर्व **जिलाधिकारी, भागलपुर व पुलिस अधीक्षक, नवगछिया से** प्रसंगाधीन धटना से संबंधित विस्तृत तथ्यात्मक प्रतिवेदन की मांग करें साथ–ही–साथ **मृतक, आशुतोष कुमार पाठक, की पारिवारिक तथा आर्थिक स्थिति के**

संबंध में भी तत्काल प्रतिवेदन समर्पित करने हेतु जिला पदाधिकारी, भागलपुर से अनुरोध किया जाय।

पत्र के साथ आज पारित आदेश की प्रति एवं समाचार–पत्र की कटिंग की छाया प्रति फैक्स/ई–मेल के माध्यम से भी जिला पदाधिकारी, भागलपुर एवं पुलिस अधीक्षक, नवगछिया को भेजी जाय।

संचिका दिनांक 02.12.2020 को उपस्थापित की जाय।

(उज्ज्वल कुमार दुबे)
सदस्य

निबंधक